# लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक 2023

## प्रिलिम्स के लिये:

लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक (LPI), राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (NLP), पीएम गतिशक्ति पहल।

## मेन्स के लिये:

पीएम गतिशक्ति, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति का महत्त्व, आर्थिक विकास के लिये बुनियादी ढाँचे में निवेश का महत्त्व।

## चर्चा में क्यों?

विश्व बैंक द्वारा जारी किये गए लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक (LPI) 2023 में **139 देशों के सूचकांक में भारत अब 38वें** स्थान पर है।

- **वर्ष 2018 और 2014 में भारत क्रमशः 44वें और 54वें** स्थान पर था। अतः प्रगति के संदर्भ में वर्तमान में भारत की रैंक काफी बेहतर है।
- इससे पहले **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने लॉजिस्टिक्स ईज़ अक्रॉस डिफिरेंट स्टेट्स** (LEADS) रिपोर्ट 2022 जारी की थी।

## लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक:

- LPI विश्व बैंक समूह द्वारा विकसित एक इंटरैक्टिव बेंचमार्किंग टूल है।
  - यह देशों को व्यापार लॉजिस्टिक के प्रदर्शन में आने वाली चुनौतियों और अवसरों की पहचान करने में मदद करता है।
- यह **विश्वसनीय आपूर्ति शृंखला कड़ियों** और **इसे सक्षम करने वाले मूलभूत घटकों** को स्थापित करने की सुलभता का आकलन करता है। लॉजिस्टिक की प्रभावशीलता का आकलन 6 कारकों के आधार पर किया जाता है:
  - **सीमा शुल्क प्रदर्शन**
  - **आधारभूत संरचना की गुणवत्ता**
  - **शिपमेंट की सुलभ व्यवस्था**
  - **लॉजिस्टिक सेवाओं की गुणवत्ता**
  - **प्रेषित वस्तु की ट्रैकिंग और अनुरेखण**
  - **शिपमेंट की समयबद्धता**
- विश्व बैंक ने वर्ष 2010 से 2018 तक **प्रत्येक दो वर्ष में LPI जारी** किया, जिसमें कोविड-19 महामारी **और सूचकांक पद्धति में संशोधन के कारण वर्ष 2020 में देरी** हुई। रिपोर्ट अंततः वर्ष 2023 में प्रकाशित की गई।
  - पहली बार **LPI में 2023** शिपमेंट पर नज़र रखने वाले बड़े डेटाबेस से उत्पन्न मेट्रिक्स का उपयोग करके व्यापार की गति का विश्लेषण किया गया है, जिससे 139 देशों में तुलना की जा सकती है।

## भारत द्वारा बेहतर लॉजिस्टिक प्रदर्शन हेतु अपनाई गई नीति:

- **नीतिगत हस्तक्षेप:**
  - **PM गतिशक्ति पहल:** अक्तूबर 2021 में सरकार ने **PM गतिशक्ति पहल** की घोषणा की, जो **मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी हेतु एक राष्ट्रीय मास्टर प्लान है।**
    - इस पहल का उद्देश्य लॉजिस्टिक लागत को कम करना और वर्ष 2024-25 तक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।
  - **राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति (National Logistics Policy- NLP)**: प्रधानमंत्री ने वर्ष 2022 में राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति

**(NLP) की शुरुआत की, ताकि अंतिम छोर तक समयबद्ध वितरण, परविहन संबंधी चुनौतियों का अंत, विनिर्माण क्षेत्र हेतु समय और धन की बचत एवं लॉजिस्टिक क्षेत्र में वांछित गति** सुनिश्चित की जा सके।
  - ये नीतिगत हस्तक्षेप लाभदायक हैं, जिन्हें LPI और इसके अन्य मापदंडों में भारत की निरंतर प्रगति में देखी जा सकती है।
- **बुनियादी ढाँचे में सुधार**:
  - LPI रिपोर्ट के अनुसार, **भारत का बुनियादी ढाँचा स्कोर वर्ष 2018 में 52वें स्थान से पाँच स्थान बढ़कर वर्ष 2023 में 47वें स्थान पर पहुँच गया।**
  - सरकार ने व्यापार से संबंधित सॉफ्ट और हार्ड इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश किया है जो **दोनों तटों पर स्थित पोर्ट गेटवे को** देश के आंतरिक क्षेत्रों में स्थित प्रमुख **आर्थिक केंद्रों से जोड़ता है।**
    - इस निवेश से भारत को लाभ हुआ है और अंतर्राष्ट्रीय परविहन में भारत **वर्ष 2018 के 44वें स्थान से वर्ष 2023 में 22वें स्थान पर पहुँच गया है।**
- **प्रौद्योगिकी की भूमिका:**
  - भारत की रसद आपूर्ति के सुधार में प्रौद्योगिकी एक महत्त्वपूर्ण घटक रही है।
  - सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत **सरकार ने एक आपूर्ति शृंखला दृश्यता मंच लागू किया है,** जिसने आपूर्ति में लगने वाले अधिक समय में उल्लेखनीय कमी लाने में योगदान दिया है।
    - **NICDC लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज़ लिमिटेड** कंटेनरों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टैग लागू करता है जिससे रसद आपूर्ति शृंखला के दौरान एंड-टू-एंड ट्रैकिंग की जाती है।
  - रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि **आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण के कारण** भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएँ **विकसित देशों को पीछे छोड़ रही हैं।**
- **ड्वेल टाइम में कमी:**
  - ड्वेल टाइम यानी **जहाज़ किसी विशिष्ट बंदरगाह या टर्मिनल पर कितना समय व्यतीत करता है।** यह उस समय को भी संदर्भित करता है **जो एक कंटेनर या कार्गो को जहाज़ पर लादे जाने से पहले** या जहाज़ से उतारने के बाद एक बंदरगाह या टर्मिनल पर ठहराव में व्यतीत होता है।
    - **भारत का बहुत कम ड्वेल टाइम (2.6 दिन)** इस बात का एक उदाहरण है कि कैसे देश ने अपनी आपूर्ति के प्रदर्शन में सुधार किया है।
  - रिपोर्ट के अनुसार, **भारत और सिंगापुर** के लिये मई एवं अक्तूबर 2022 के बीच कंटेनरों के औसत ठहराव का **समय 3 दिन था,** जो कि कुछ औद्योगिक देशों की तुलना में काफी बेहतर है।
    - **अमेरिका के लिये ठहराव का समय 7 दिन** था और **जर्मनी हेतु यह 10 दिन था।**
  - कार्गो ट्रैकिंग की शुरुआत के साथ **विशाखापत्तनम के पूर्वी बंदरगाह में ठहराव का समय वर्ष 2015 में 32.4 दिनों से घटकर वर्ष 2019 में 5.3 दिन हो गया।**

## लॉजिस्टिक से संबंधित भारत की पहलें:

- **माल का बहुविध परिवहन अधिनियम, 1993**
- मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क
- **डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर**
- **सागरमाला परियोजना**
- **भारतमाला परियोजना**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

**प्रश्न.** अधिक तीव्र और समावेशी आर्थिक विकास के लिये बुनियादी अवसंरचना में निवेश आवश्यक है।" भारत के अनुभव के आलोक में चर्चा कीजिये। **(वर्ष 2021)**

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/logistics-performance-index-2023-1